एबिक के तकनीकी मैनेजर एवं बेकरी यूनिट के इंचार्ज इंजीनियर अर्पित तनेजा ने बताया कि किसान उत्पादक समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एबिक की टीम उनकी हर संभव मदद करेगी। इसके अलावा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को नए आयाम दे सकते हैं। उन्होंने किसानों को नए किसान उत्पादक समूह बनाने में आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि एबिक की टीम उन्हें इसके लिए मेंटर से प्रशिक्षण दिलवाना, चार्टर्ड अंकाउंटेंट, पंजीकरण आदि विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने में मदद करेगी। इसके अलावा एबिक के साथ पंजीकृत होने के उपरांत उन्हें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी आधुनिक तकनीकों के बारे में समय-समय पर जागरूक व प्रशिक्षित करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि सोहना से संतोष सिंह के नेतृत्व में किसानों का एक समूह ने एबिक का भ्रमण कर विभिन्न पहलुओं को बारीकी से जाना।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
हिसार टूडे न्यूज	**26.02.2021**	--	--

स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा दे रहा है एबिक

टुडे न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक केंद्र स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूहों को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए एबिक में किसान उत्पादक समूह इससे संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए भ्रमण कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुए एबिक की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि सोहना(गुरूग्राम) से किसान उत्पाद समूह जिसमें 25 किसान शामिल थे, इस बेकरी यूनिट के बारे में बारीकी से तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी हासिल करने के लिए एबिक केंद्र में भ्रमण करने आए थे। इस दौरान उन्होंने पूरी बेकरी यूनिट का भ्रमण किया और इसके अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की सहायता से स्थापित एबिक केंद्र की इस यूनिट में बेकरी के सभी उत्पाद आधुनिक तकनीकों व अनुसंधान के आधार पर तैयार किए जा सकेंगे। भ्रमण के दौरान उन्हें एबिक व विश्वविद्यालय द्वारा उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण व अन्य माध्यमों से की जाने वाली सहायता के बारे में भी बताया गया।

एबिक के तकनीकी मैनेजर एवं बेकरी यूनिट के इंचार्ज इंजीनियर अर्पित तनेजा ने बताया कि किसान उत्पादक समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एबिक की टीम उनकी हर संभव मदद करेगी। इसके अलावा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को नए आयाम दे सकते हैं। उन्होंने किसानों को नए किसान उत्पादक समूह बनाने में आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समाधान के बारे में जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पाठक पक्ष	**26.02.2021**	--	--

स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा दे रहा है एबिक

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 26 फरवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक केंद्र स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूहों को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए एबिक में किसान उत्पादक समूह इससे संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए भ्रमण कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुए एबिक की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि सोहना(गुरूग्राम) से किसान उत्पाद समूह जिसमें 25 किसान शामिल थे, इस बेकरी यूनिट के बारे में बारीकी से तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी हासिल करने के लिए एबिक केंद्र में भ्रमण करने आए थे। इस दौरान उन्होंने पूरी बेकरी यूनिट का भ्रमण किया और इसके अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की सहायता से स्थापित एबिक केंद्र

की इस यूनिट में बेकरी के सभी उत्पाद आधुनिक तकनीकों व अनुसंधान के आधार पर तैयार किए जा सकेंगे। भ्रमण के दौरान उन्हें एबिक व विश्वविद्यालय द्वारा उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण व अन्य माध्यमों से की जाने वाली सहायता के बारे में भी बताया गया। एबिक के तकनीकी मैनेजर एवं बेकरी यूनिट के इंचार्ज इंजीनियर अर्पित तनेजा ने बताया कि किसान उत्पादक समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एबिक की टीम उनकी हर संभव मदद करेगी। इसके अलावा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को नए आयाम दे सकते हैं। उन्होंने किसानों को नए किसान उत्पादक समूह बनाने में आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि एबिक की टीम उन्हें इसके लिए मेंटर से प्रशिक्षण दिलवाना, चार्टड अंकाउंटेंट, पंजीकरण आदि विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने में मदद करेगी। इसके अलावा एबिक के साथ पंजीकृत होने के उपरांत उन्हें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी आधुनिक तकनीकों के बारे में समय-समय पर जागरूक व प्रशिक्षित करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि सोहना से संतोष सिंह के नेतृत्व में किसानों का एक समूह ने एबिक का भ्रमण कर विभिन्न पहलुओं को बारीकी से जाना।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार न्यूज	**26.02.2021**	--	--

स्टार्टअप्स के साथ किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा दे रहा है एबिक

सोहना से 25 किसानों के किसान उत्पादक समूह ने किया एबिक का भ्रमण

हिसार, 26 फरवरी (राजकुमार) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक केंद्र स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूहों को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए एबिक में किसान उत्पादक समूह इससे संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए भ्रमण कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुए एबिक की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि सोहना (गुरुग्राम) से किसान उत्पाद समूह जिसमें 25 किसान शामिल थे, इस बेकरी यूनिट के बारे में बारीकी से तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी हासिल करने के लिए एबिक केंद्र में भ्रमण करने आए थे। इस दौरान उन्होंने पूरी बेकरी यूनिट का भ्रमण किया और इसके अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की सहायता से स्थापित एबिक केंद्र की इस यूनिट में बेकरी के सभी उत्पाद आधुनिक तकनीकों व अनुसंधान के आधार पर तैयार किए जा सकेंगे। भ्रमण के दौरान उन्हें एबिक व विश्वविद्यालय द्वारा उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण व अन्य माध्यमों से की जाने वाली सहायता के बारे में भी बताया गया।

कृषि उद्यमियों के लिए भी मदद करेगी एबिक टीम

एबिक के तकनीकी मैनेजर एवं बेकरी यूनिट के इंचार्ज इंजीनियर अर्पित तनेजा ने बताया कि किसान उत्पादक समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एबिक की टीम उनकी हर संभव मदद करेगी। इसके अलावा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत समूह एबिक से जुड़कर अपने व्यवसाय को नए आयाम दे सकते हैं। उन्होंने किसानों को नए किसान उत्पादक समूह बनाने में आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि एबिक की टीम उन्हें इसके लिए मेंटर से प्रशिक्षण दिलवाना, चार्टर्ड अकाउंटेंट, पंजीकरण आदि विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने में मदद करेगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
देशबन्धु न्यूज	**26.02.2021**	--	--

स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा दे रहा एबिक

हिसार, 26 फरवरी (देशबन्धु)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक केंद्र स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूहों को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए एबिक में किसान उत्पादक समूह इससे संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए भ्रमण कर रहे हैं।

कृषि उद्यमियों के लिए भी मदद करेगी एबिक टीम

एबिक की नोडल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि सोहना (गुरूग्राम) से किसान उत्पाद समूह जिसमें 25 किसान शामिल थे, इस बेकरी यूनिट के बारे में बारीकी से तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी हासिल करने के लिए एबिक केंद्र में भ्रमण करने आए थे। इस दौरान उन्होंने पूरी बेकरी यूनिट का भ्रमण किया और इसके अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की सहायता से स्थापित एबिक केंद्र की इस यूनिट में बेकरी के सभी उत्पाद आधुनिक तकनीकों व अनुसंधान के आधार पर तैयार किए जा सकेंगे। भ्रमण के दौरान उन्हें एबिक व विश्वविद्यालय द्वारा उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण व अन्य माध्यमों से की जाने वाली सहायता के बारे में भी बताया गया। एबिक के तकनीकी मैनेजर एवं बेकरी यूनिट के इंचार्ज इंजीनियर अर्पित तनेजा ने बताया कि किसान उत्पादक समूह एबिक से जुडक़र अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एबिक की टीम उनकी हर संभव मदद करेगी। इसके अलावा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत समूह एबिक से जुडक़र अपने व्यवसाय को नए आयाम दे सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
जीवन आधार	**26.02.2021**	**Online**	--

स्टार्टअप्स के साथ-साथ किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा दे रहा एबिक

सोहना से25 किसानों के किसान उत्पादक समूह ने किया एबिक का भ्रमण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण, अमर उजाला

दिनांक 27.2.2021 पृष्ठ संख्या 4, 3 कॉलम 7-8, 1

एचएयू में कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : सिंह

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डा. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रो. किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डा. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय विज्ञानी डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। 28 फरवरी को उनके इस प्रयास को भविष्य में हमेशा याद रखने के लिए वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइन्स एंड टेक्नालजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति ओर जागरूकता पैदा करना है।

कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक और मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रो. किरण सिंह मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.....दैनिक सवेरा, दैनिक भास्कर.....

दिनांक 27.2.2021...पृष्ठ संख्या.....7, 5.....कॉलम...3-4, 1.....

एचएयू में 28 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हिसार, 26 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक व मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डा. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफैसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे।

डा. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा होंगे मुख्यातिथि

में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति ओर जागरूकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिवस के जरिए बच्चों को विज्ञान को बतौर अपने करियर को चुनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि हमारे देश की आनेवाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और हमारे देश की ओर तरक्की हो सके।

एचएयू में 28 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हिसार | एचएयू के मौलिक एवं मानविकी कॉलेज 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन करेगा। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी कॉलेज के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीजेयू के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विवि के रसायन विभाग से प्रोफेसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। कई वर्ष पहले 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। ऐसे में वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पांच बजे न्यूज	**26.02.2021**	--	--

एचएयू में 28 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा होंगे मुख्यातिथि

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को उनके इस प्रयास को भविष्य में हमेशा याद रखने के लिए वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइन्स एंड टेक्नालजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति ओर जागरूकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिवस के जरिए बच्चों को विज्ञान को बतौर अपने करियर को चुनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि हमारे देश की आनेवाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और हमारे देश की ओर तरक्की हो सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पाठक पक्ष	**26.02.2021**	--	--

एचएयू में 28 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा होंगे मुख्यातिथि

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 26 फरवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के

माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को उनके इस प्रयास को भविष्य में हमेशा याद रखने के लिए वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइन्स एंड टेक्नालजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति ओर जागरूकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिवस के जरिए बच्चों को विज्ञान को बतौर अपने करियर को चुनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि हमारे देश की आनेवाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और हमारे देश की ओर तरक्की हो सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार न्यूज	**26.02.2021**	--	--

एचएयू में कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा होंगे मुख्यातिथि

हिसार, 26 फरवरी (राजकुमार) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को उनके इस प्रयास को भविष्य में हमेशा याद रखने के लिए वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइन्स एंड टेक्नालजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति ओर जागरूकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिवस के जरिए बच्चों को विज्ञान को बतौर अपने करियर को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि हमारे देश की आनेवाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और हमारे देश की ओर तरक्की हो सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
समस्त हरियाणा न्यूज	**26.02.2021**	--	--

एचएयू में 28 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हिसार (समस्त हरियाणा न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह

जानकारी देते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को उनके इस प्रयास को भविष्य में हमेशा याद रखने के लिए वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइन्स एंड टेक्नालजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
सिटी पल्स	**26.02.2021**	--	--

एचएयू में 28 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा होंगे मुख्यातिथि

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया

कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति ओर जागरूकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिवस के जरिए बच्चों को विज्ञान को बतौर अपने करियर को चुनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि हमारे देश की आनेवाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और हमारे देश की ओर तरक्की हो सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
जीवन आधार	**26.02.2021**	**Online**	**--**

हिसार

एचएयू में 28 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

SHARE 0

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा होंगे मुख्यातिथि

हिसार,
हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय की ओर से 28 फरवरी को वर्चुअल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा मुख्य अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग से प्रोफेसर किरण सिंह मुख्य वक्ता होंगे।
महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में विज्ञान एवं तकनीकी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक डॉ. रमन सिंह द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को उनके इस प्रयास को भविष्य में हमेशा याद रखने के लिए वर्ष 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नालजी कम्युनिकेशन द्वारा हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में विज्ञान के प्रति और जागरूकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिवस के जरिए बच्चों को विज्ञान को बतौर अपने करियर को चुनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि हमारे देश की आनेवाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और हमारे देश की ओर तरक्की हो सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 26.2.2021 पृष्ठ संख्या....3....कॉलम....1-5....

भास्कर खास • इंजीनियर व सीए की नौकरी छोड़ दो दोस्तों ने एचएयू के एबिक सेंटर से ट्रेनिंग ले तैयार किया स्ट्रो, विदेशों तक धूम

दो दोस्तों ने कोल्ड ड्रिंक-जूस पीने को फ्लेवर्ड स्ट्रो पाइप की तैयार, न घुलेगी, न टूटेगी, चबा कर खा सकते हैं, प्लास्टिक पाइप के नुकसान से बचेगा पर्यावरण

महबूब अली | हिसार

अब प्लास्टिक के स्ट्रो पाइप से जूस, कोल्ड ड्रिंक या अन्य पेय पदार्थ पीने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बनारस के इंजीनियर शशांक गुप्ता, उनकी दोस्त सीए सिमरन राजपूत ने पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से चार साल पूर्व नौकरी छोड़ फ्लेवर्ड स्ट्रो तैयार करने की ठानी। एचएयू के एबिक सेंटर से ट्रेनिंग लेकर छह फ्लेवर्ड से तैयार कीं। 9 माह तक स्ट्रो खराब नहीं होंगी। जूस से लेकर कोल्ड ड्रिंक, दूध में भी इस्तमाल होगी। स्ट्रो पेय पदार्थ में डालने के बाद भी घुलेगी नहीं। बाद में स्ट्रो को खाया भी जा सकेगा। विदेश में भी स्टा की डिमांड है।

फ्लेवर्ड स्ट्रो की खूबी: स्वादिष्ट होने के साथ मात्र 3 प्रतिशत शुगर, 9 माह तक नहीं होगी खराब, प्रोटीन से भी भरपूर

फ्लेवर्ड स्ट्रो तैयार करने वाले इंजीनियर शशाक गुप्ता और सीए सिमरन राजपूत।

प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से तैयार किया

शशांक गुप्ता बताते हैं जूस, कोल्ड ड्रिंक आदि को लोग प्लास्टिक के स्ट्रो से पीते हैं। जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए उन्होंने फ्लेवर्ड स्ट्रो तैयार किया है। जिसे लोग पसंद कर रहे हैं।

मुंबई में शुरू किया था स्टार्टअप

नैचुरल सीरिया यूज करके स्ट्रो को बनाया है। पहले मुंबई और हरियाणा में ही डिमांड थी। अब पुणे, यूपी, केरला, चेन्नई, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, स्पेन, यूएस, चीन, साउथ अफ्रीका, कोलकाता में भी है।

199 रुपये में मिल सकेगा एक डिब्बा

शशांक गुप्ता बताते हैं कि फ्लेवर्ड स्ट्रो का एक डिब्बा 199 रुपये में मिल सकेगा। इसमें 20 स्ट्रो मौजूद रहते हैं। दूध, जूस या अन्य किसी पेय पदार्थ में स्ट्रो को डालकर उसका स्वाद लिया जा सकता है।

एबिक सेंटर की मदद से ही पाया मुकाम

शशांक का कहना है स्ट्रो के स्टार्टअप को शुरू कराकर मंजिल तक पहुंचाने में एचएयू के एबिक सेंटर के अधिकारियों का अहम योगदान रहा है। अभी भी एबिक सेंटर में उन्हें अब भी टिप्स दिए जा रहे हैं।

क्या है स्ट्रो: स्ट्रो एक तरह से छोटा सा पाइप होता है। जिसके माध्यम से जूस व अन्य पेय पदार्थ पीए जाते हैं।

"शशांक गुप्ता और सिमरन राजपूत का फ्लेवर्ड स्ट्रो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ 9 माह तक चलने वाला भी है। देश के साथ विदेश में भी अब स्ट्रो की डिमांड बढ़ी है। अभी दोनों को अन्य तकनीकी जानकारी भी स्टार्टअप को आगे ले जाने के लिए दी जा रही है।" – **प्रोफेसर समर सिंह,** कुलपति, एचएयू, हिसार।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम..... दैनिक जागरण .....

दिनांक 27.2.2021....पृष्ठ संख्या.....5.....कॉलम.....1-5.....

मौसम राजस्थान में बना एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन, हिसार में सामान्य से सात डिग्री बढ़ा हिसार का तापमान

हिसार में 33.6 व नारनौंद 34.2 डिग्री रहा दिन का पारा

जागरण संवाददाता, हिसार : फरवरी माह जाते-जाते दिन का तापमान अपने ही रिकार्ड तोड़ता दिख रहा है। शुक्रवार को सीजन का सबसे गर्म दिन नारनौल में 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस अधिक है। अहम बात है कि फरवरी माह में 30 से लेकर 32 डिग्री सेल्सियस तापमान पिछले वर्ष रहा था मगर मौजूदा समय का तापमान पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ रहा है।

इसी प्रकार हिसार में सामान्य तापमान से सात डिग्री अधिक 33.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। तापमान बढ़ने का एक बड़ा कारण राजस्थान में बना एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन है।

बार-बार बदल रही हवा

मध्य भारत में पुरवाई हवा अधिक चलने के कारण एंटी साइक्लोनिक सिस्टम राजस्थान के पास बना हुआ है। जिससे बार बार हवा में बदलाव हो रहा है। पश्चिमी विक्षोभ मैदानी क्षेत्रों में न जाकर पहाड़ों की तरफ जा रहे हैं, उससे हवा में बार-बार बदलाव हो रहा है।

गेहूं की बालियों पर चढ़ा हुआ पीला रंग । ● जागरण

तापमान बढ़ने से नहीं बल्कि मैग्नीज की कमी से गेहूं हो रहा पीला

खेती पूरी तरह से मौसम पर निर्भर होती है। यही कारण है कि फसलों में हल्का सा भी परिवर्तन हो तो किसान की चिंता बढ़ जाती है। राज्य में कई स्थानों से किसानों की शिकायत थी कि जब तक दिन का तापमान बढ़ा है तब से गेहूं का रंग परिवर्तित होने लगा है। यह सिलसिला 10 दिनों से चल रहा है। ऐसे में किसानों को डर है कि कहीं उनकी फसल में पीला रतुआ रोग तो नहीं फैल रहा। इसको लेकर कई किसान अभी तक चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में फोन कर चुके हैं। पहले विज्ञानियों ने समझाया फिर कुछ स्थानों पर फील्ड में जाकर देखा और किसानों को कहा कि उन्हें अभी डरने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि यह स्थिति पीला रतुआ की नहीं बल्कि गेहूं में पोषक तत्वों की कमी के कारण बनती दिखाई दे रही है।

एचएयू के गेहूं अनुभाग ने किसानों को यह दी सलाह

एचएयू के गेहूं अनुभाव के विज्ञानियों की मानें तो गेहूं में मैग्नीज पोषक तत्व की कमी दिख रही है। गेहूं की प्रारम्भिक वृद्धि अवस्था तथा गेहूं में बालियां निकलने के समय मैंग्नीज की कमी के लक्षण दिखाई देने शुरू होते हैं। पत्तियों पर भूरे-पीले रंग की धारियां पत्ती के सिरे से शुरू होकर नीचे की ओर बनती हैं, पौधों की बढ़वार कम हो जाती है। इसके साथ ही बालियां देर से व मुड़ी-तुड़ी होकर निकलती हैं।

ऐसे करें उपचार

खड़ी फसल में मैंगनीज की कमी के लक्षण प्रकट होने पर 0.5 फीसद मैंग्नीज सल्फेट के घोल अर्थात 500 ग्राम मैग्नीज सल्फेट को 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। इसके बाद भी अधिक स्थिति ठीक न हो तो कृषि विशेषज्ञों से किसान सलाह ले सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......

दिनांक 27.2.2021.....पृष्ठ संख्या......3......कॉलम......2-3......

पश्चिमी विक्षोभ के कारण कल से मौसम में बदलाव की संभावना

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। एचएयू के कृषि मौसम विभाग के अनुसार 27 फरवरी तक प्रदेश में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आ सकती है। 28 फरवरी से पश्चिमी-विक्षोभ की संभावना के कारण मौसम में बदलाव होगा।

तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिन में धूप पसीने छुड़ा रही है तो रात में भी तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर गया है। शुक्रवार को अंबाला का रात्रि तापमान प्रदेश में सबसे अधिक 14.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रोहतक, सिरसा, भिवानी और अंबाला चार ऐसे जिले रहे जहां का रात्रि तापमान 14 डिग्री से अधिक रहा। सबसे कम रात्रि तापमान करनाल का 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान की बात करें तो नारनौल का अधिकतम तापमान 34.2 और हिसार का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में सभी स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं हिसार का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।